तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि
वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 3 जनवरी 2025

10 बच्चों को खुशनुमा और पारिवारिक माहौल...

10 सामुदायिक शेड निर्माण का मतलाम ने किया ...

[बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर]

खबर संक्षेप

बैठक 6 को

दंतेवाड़ा। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी कार्यक्रम के अनुसार 6 जनवरी को एकीकृत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाना है। उक्त संबंध में फोटोयुक्त मतदाता सूची 1 सेट एवं फोटो सहित मतदाता सूची सी.डी. प्रदाय किये जाने के संबंध में 6 जनवरी को समय 12 बजे जिला संयुक्त कार्यालय के भू-तल में बैठक आयोजित की गई है।

निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 15 को

बीजापुर। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 कराये जाने हेतु फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए पूर्व में जारी कार्यक्रम में संशोधित करते हुए 1 जनवरी के प्रति निर्देशानुसार निर्धारित कार्यक्रम के तहत द्वितीय चरण में प्रारंभिक निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन एवं दावे तथा आपत्तियां 31 दिसंबर दिन मंगलवार से प्राप्त की जा रही है। दावे आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि 6 जनवरी निर्धारित है। इसी तरह दावे आपत्ति का निपटारा 9 जनवरी, प्रारूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावाआपत्ति प्रस्तुत करने की तिथि 10 जनवरी, प्रारूप क-1 में प्राप्त दावाआपत्ति का निराकरण 11 जनवरी, दावे आपत्ति के निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील करने की अंतिम तिथि निराकरण आदेश पारित होने के 5 दिवस के भीतर इसी तरह परिवर्धन, संशोधन, विलोपन के प्रकरणों की प्रविष्टी साफ्टवेयर में करना तथा चेक लिस्ट का निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जांच करवाना तथा पीडीएफ मुद्रण हेतु जिला कार्यालय को सौंपना, अनुपूरक सूची का मुद्रण कराना और अनुपूरक सूची को मूल सूची के संलग्न करने का कार्य 14 जनवरी को सम्पन्न होगा एवं 15 जनवरी को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन होगा।

मुख्यमंत्री ने किया श्री वेदमाता गायत्री महाविद्यालय निर्माण का भूमिपूजन

हारिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

कोई भी देश तभी मजबूत रह सकता है जब उसकी बुनियाद मजबूत हो। हमारे देश की बुनियाद हमारी सनातन परंपराओं में है। सनातन परंपरा हमें वसुधैव कुटुम्बकं की सीख देती है और देशभक्ति का पाठ पढ़ाती है। अपने देश और राज्य की तरक्की के लिए बहुत जरूरी है कि हम अपनी युवा पीढ़ी को भी सनातन परंपरा के वही संस्कार प्रदान करें जो हमें अपने शिक्षकों और अभिभावकों से मिले हैं। उक्त उदगार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गुरुवार को बस्तर प्रवास के दौरान जगदलपुर के समीप ग्राम कंगोली में श्री वेदमाता गायत्री महाविद्यालय के भूमिपूजन समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। कार्यक्रम को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साव, वन मंत्री केदार कश्यप, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने भी संबोधित किया।

संस्था के विकास के लिए 50 लाख रुपए देने की घोषणा की

मुख्यमंत्री ने 50 लाख तो सांसद ने 1 करोड़ देने की घोषणा

मुख्यमंत्री साय ने विद्याभारती संस्था के विकास के लिए 50 लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा भी की। इस अवसर पर लोकसभा क्षेत्र कांकेर के सांसद भोजराज नाग ने विद्याभारती संस्था के प्रदेश में स्थित विभिन्न संस्थाओं के विकास के लिए सांसद निधि से हर वर्ष एक करोड़ रुपए दिए जाने तथा जगदलपुर विधायक किरणदेव सिंह ने जगदलपुर स्थित संस्था के विकास के लिए 10 लाख रूपए की वित्तीय सहायता प्रदाय करने की घोषणा की। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख राजबहादुर सिंह राणा, संस्थान के महामंत्री नरेन्द्र तनेजा एवं रामदत्त चक्रधर ने संस्था के उद्देश्यों और गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

सीएम ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दी आहुति

मुख्यमंत्री साय ने सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में आयोजित यज्ञ में सम्मिलित होकर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधानपूर्वक आहुति दी। बस्तर सहित प्रदेशवासियों की प्रगति व खुशहाली के लिए कामना की। उन्होंने प्रांगण में सागौन के पौधे रोपे। इस अवसर पर दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, विद्यालय के आचार्यगण और बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

आयोजन : 288 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया

मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने बस्तर जिले को दी 356 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

हारिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- विकास के हर वादे को कर रहे पूरा : विष्णुदेव
- नगर पंचायत बस्तर में शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु अमृत मिशन के तहत 50 करोड़ देने की घोषणा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गुरुवार को पीजी कॉलेज हॉस्टल मैदान में आयोजित लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह में शामिल हुए। उन्होंने 356 करोड़ 44 लाख लागत के 288 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के जयकारे के साथ अपने सम्बोधन की शुरुआत करते हुए कहा कि विगत 13 दिसंबर को हमारी सरकार का एक साल पूरा हुआ है, हमने इसे जनादेश परब के रूप में मनाया। आप सभी को याद है कि चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ की जनता से मोदी की गारंटी के रूप में हमने जो वादा किया था उसका हर वादा हम निभा रहे हैं।

मुख्यमंत्री साय ने कहा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने 18 लाख आवास स्वीकृति की गारंटी दी थी। उसे पूरा करते हुए हमारी सरकार की शपथ के दूसरे ही दिन हमने आवासहीन हितग्राहियों को आवास की स्वीकृति दी। स्वीकृत आवास अब बनते जा रहे हैं और लाभान्वित परिवारों का गृह प्रवेश भी हो रहा है। बस्तर के संवेदनशील इलाके के लोगों को आवास उपलब्ध कराने के लिए हमारे द्वारा केंद्र से किए गए अनुरोध पर इन क्षेत्रों के लिए 15 हजार प्रधानमंत्री आवास भी पृथक से स्वीकृत हुए हैं। आने वाले 07 जनवरी को देश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज ▶▶| शेष पेज 10 पर

पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर देश में सात दिवसीय शोक राहुल वियतनाम चले गए

जगदलपुर। देश के पूर्व पीएम डा मनमोहन सिंह के निधन के कारण देश 7 दिन के राष्ट्रीय शोक में है और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस सांसद राहुल गांधी वियतनाम चले गए। धान खरीदी को लेकर किसानों के गुस्से पर मुख्यमंत्री ने कहा कलेक्टरों को निगरानी करने कहा गया है। कुछ कमियों की बात सामने आई है, मुख्यमंत्री ने कहा जल्द से जल्द निराकरण हो जाएगा। एक दिन के प्रवास पर जगदलपुर पहुंचे विष्णुदेव साय ने बस्तर जिले को 356 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात भी दी। पीजी कॉलेज हॉस्टल मैदान में आयोजित लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह में हुए आयोजन के बाद वे मीडिया से मुखातिब थे।

गांव-गांव में बदलाव हो रहा

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने लोकार्पण एवं भूमिपूजन समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा एक साल में छत्तीसगढ़ के गांव-गांव, गली-गली में लोग एक ही बात कहते हैं कि विष्णु देव साय की सरकार सांय-सांय विकास कर रही है, गांव-गांव में बदलाव हो रहा है। श्री साव ने नगर पंचायत बस्तर में अमृत मिशन योजनांतर्गत घर-घर शुद्ध पेयजल पहुँचाने के लिए 50 करोड़ रुपए देने की घोषणा की।

विकास की गति हुई तेज

वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि विष्णुदेव साय की सरकार में गांव-गांव तक विकास पहुंच रहा है। प्रदेश भर में नये-नये लोकार्पण और भूमिपूजन के कार्य हो रहे हैं। आज केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री साय की डबल इंजन की सरकार है, जिससे विकास की गति तेज हुई है। उन्होंने कहा कि बस्तर और वनांचल क्षेत्रों में तेंदूपत्ता हरा सोना है, अब हमारी सरकार 55 सौ रूपए प्रति मानक बोरा की दर से तेंदूपत्ता खरीद रही है और 67 से ज्यादा प्रकार के वनोपज का क्रय किया जा रहा है।

स्टालों का अवलोकन

खेल एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि 350 करोड़ रूपए से ज्यादा का भूमिपूजन एवं लोकार्पण हुआ है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में "हमने बनाया है हम ही संवारेंगे" ध्येय वाक्य की तर्ज पर प्रदेश में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। विधायक किरण सिंह देव और सांसद महेश कश्यप ने भी समारोह को सम्बोधित करते हुए सरकार के विकास के प्रति सजग भूमिका को रेखांकित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री साय और अन्य अतिथियों द्वारा विभिन्न विभागों के स्टॉलों का अवलोकन किया और विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के तहत 289 हितग्राहियों को एक करोड़ 55 लाख रूपए से अधिक की राशि का चेक तथा सामग्रियों का वितरण किया गया। आरंभ में कलेक्टर हरिस एस ने स्वागत उद्बोधन देते हुए जिले की विकास गतिविधियों के बारे में अवगत कराया।

डाक्टर बेटे के शादी की तैयारी चल रही थी, प्रोफेसर मां की घर पर मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- लूट व हत्या की आशंका, सीसीटीवी का डीवीआर भी गायब

घर में बेटे के शादी की तैयारी चल रही थी, इसी बीच मां की संदेहास्पद हालत में शव पाया गया। जिस समय घटना हुई है उस दौरान डाक्टर पति भानपुरी अस्पताल में ड्यूटी पर थे। एकमात्र बेटा जिसकी अगले माह शादी की तैयारी जारी थी, वह रायपुर में एमबीबीएस की पढ़ाई में व्यस्त था। घटना की जानकारी मिलने के बाद सभी मौके पर पहुंचे। पुलिस को भी घटना की जानकारी दी। जानकारी के मुताबिक शहर के हाटकचोरा अनुकूल देव वार्ड निवासी डॉ. बीडी रॉय की पत्नी अर्चना राय का शव मिलने की जानकारी गुरुवार सुबह घर में काम करने वाली ▶▶| शेष पेज 10 पर

प्रोफेसर रिटायरमेंट के बाद घर पर ही थी

पारिवारिक सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अगले माह बेटे की घर पर शादी की तैयारी चल रही थी। इस दौरान डाक्टर बीडी राय की पत्नी अर्चना 55 वर्ष घर पर ही थी। डाक्टर बीडी राय ड्यूटी पर थे। इसी बीच उनके मौत की खबर मिली। संदेहास्पद परिथिति में मिले शव की पुलिस जांच कर रही है। शादी के तैयारी चल रही थी और गहने आदि भी खरीदे जा चुके थे। घटना लूट व हत्या की है या मौत की कोई और वजह इसकी पुलिस जांच कर रही है।

परिवहन नियमों को उल्लंघन करते मिले सीमावर्ती राज्य के 470 वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आंध्रप्रदेश एवं ओडिशा राज्य के वाहन छत्तीसगढ़ राज्य में बेखौफ परिवहन नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। यही कारण है कि बस्तर जिले में धनपूंजी स्थित परिवहन विभाग के बेरियर में छत्तीसगढ़ पहुंचते ही आंध्रप्रदेश एवं ओडिशा के 470 वाहन परिवहन नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए गए, जिन्हें 10 लाख 66 हजार 200 रुपए का जुर्माना किया गया। इसके अलावा बेरियर में छत्तीसगढ़ के 147 वाहनों से एक लाख 61 हजार 500 रुपए वसूल किया ▶▶| शेष पेज 10 पर

दहेज प्रताड़ना, मारपीट, घर से बेघर करना पुलिस अहस्तक्षेप योग्य अपराध : प्रहलाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल



- एसपी के निर्देशित करने के बाद पीड़िता को मिला न्यायालय जाने के लिए फैना

लौह नगरी किरंदुल का तनुजा केस इन दिनों सुर्खियां बंटोर रहा है। तनुजा पाल अपनी शादी के कुछ माह बाद ही अपने पति की हैवानियत का शिकार हो गई। दहेज मांगना, मारपीट करना, पत्नी को घर से निकाल देना मायके भेज देना इन सब बातों की शिकायत लेकर 24 अगस्त को तनुजा किरंदुल थाने में लिखित आवेदन लेकर पहुंची। उसे आवेदन की पावती नहीं दी गई और ना ही एफआईआर दर्ज की गई। न्याय की आस में तनुजा अपने परिजनों के साथ दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय के समक्ष अपनी आपबीती बताते न्याय दिलाने के लिए आवेदन दिया। एसपी ने मामले की गम्भीरता को देखते हुए पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई करने किरंदुल थाना प्रभारी को निर्देशित किया। एसपी के निर्देश के 10 दिनों बाद किरंदुल थाना प्रभारी ने पीड़िता को बुलाया। पूरे मामले को पुलिस अहस्तक्षेप योग्य बताते पीड़िता को फैना देकर न्यायालय ▶▶| शेष पेज 10 पर

कोर्ट के आदेश पर कार्रवाई

मामला पति पत्नी का है। पीड़िता के दहेज में दिए सामान को दिलाने की मांग कर रही है। पति अपने ऊपर बार बार लगने वाले आरोपो से बचने के लिए समान कोर्ट के माध्यम से देने की बात कर रहा है जिस पर पुलिस ने फैना दे दिया है, कोर्ट जो आदेश देगा वैसी कार्रवाई की जाएगी।

प्रहलाद कुमार साहू, थाना प्रभारी

ऑन रोड सेफ्टी की हुई बैठक

जगदलपुर। न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे की अध्यक्षता में सुप्रीम कोर्ट कमेटी की ऑन रोड सेफ्टी की बैठक की गई। बुधवार की शाम जगदलपुर सर्किट हाऊस में आयोजित बैठक में न्यायमूर्ति सप्रे द्वारा रोड सेफ्टी के संबंध में आवश्यक सलाह दिए गए, जिसमें हेलमेट के प्रति जागरूकता, स्कूलों में विशेष यातायात नियमों की जानकारी देने, परिवहन संघ से सेफ ड्राइविंग की जानकारी देने, बीमा क्लेम की जानकारी और आईपीसी के धाराओं की जानकारी देने कहा। इस अवसर पर कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर और एसपी ने जिले में रोड सेफ्टी के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी भी दी।

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➔ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➔ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➔ एक्स-रे टेक्निशियन
सीमित सीटे
गवर्मेन्ट जॉब हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

नगरनार स्टील प्लांट के भू-प्रभावितों को न्याय दिलाने कांग्रेस करेगी न्याय यात्रा

बस्तर में लंबित राजहरा-जगदलपुर रेल लाइन के लिए प्रधानमंत्री ने झूठे वादे किए : दीपक बैज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- भाजपा सरकार ने बस्तरवासियों को सिर्फ छला,विकास कार्य से रखा हमेशा वंचित

बस्तर में लंबित राजहरा-जगदलपुर रेल लाइन के लिए प्रधानमंत्री बस्तर की जनता को झूठ बोला। पहले 2015 को दन्तेवाड़ा में जनसभा को सम्बोधित कर 2021 तक रेल लाइन कार्य पूरा कराने की घोषणा की। फिर लालबाग में 2023 को आयोजित चुनावी सभा मे प्रधानमंत्री ने दुबारा राजगरा-जगदलपुर रेल लाइन कार्य जल्द पूरा कराने की बात कही थी। बावजूद आज पर्यन्त इस बस्तर के लिए इस महत्वाकांक्षी रेल लाइन निर्माण में केवल 90 किमी राजहरा से केवटी तक लाइन बिछाई गई। आज भी केंद्र के रेल मंत्री डीपीआर स्वीकृति का राग अलापते बस्तर की जनता को छलने का काम कर रहे है। बैज ने कहा प्रदेश और केंद्र में डबल इंजन की सरकार होने के बाद भी प्रदेश के मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व विधायक रेल लाइन के मुद्दे पर हाथ पर हाथ धरे बैठे है।

पीसीसी अध्यक्ष बैज ने पत्रकारों को बताया नगरनार स्टील प्लांट के भू-प्रभावितों के न्याय के लिए आगामी 4 जनवरी को एकदिवसीय न्याय यात्रा निकालने का निर्णय प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने लिया है। यह ▶▶| शेष पेज 10 पर

पाठक सूचना
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124
नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124
कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124
सुकमा
मो. 9149027841
दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124
बीजापुर
मो. 9131893124

खबर संक्षेप

टीबी संदिग्धों की जांच फूड बास्केट भी वितरित

रायपुर। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भनपुरी में निक्षय निरामय अभियान के तहत टीबी संक्रमितों की पहचान के लिए लोगों की जांच की गई। इस दौरान पंजीकृत मरीजों को उपचार अवधि के लिए प्रोटीनयुक्त खाद्य पदार्थों वाला फूड बास्केट में दिया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. मिथिलेश चौधरी के निर्देश पर वहां विशेष जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 115 लोगों की एक्स रे एवं बलगम जांच की गई। साथ ही निक्षय मित्र के माध्यम से 54 टीवी संक्रमितों को अतिरिक्त पोषण आहार दिया गया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमीत सिंह गांधी एवं डॉ शेखर चेपे ने लोगों को टीबी एवं कुष्ठ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्हें बताया गया कि उपचार, जन-जागरूकता एवं समाज की भागीदारी इन्हें जड़ से मिटाया जा सकता हैं। शिविर में मितानीन, ट्रेनर एवं स्वास्थ्य केंद्र के सभी स्टाफ मौजूद थे।

खाद्य विभाग के 10 अधिकारियों का प्रमोशन

रायपुर। राज्य शासन ने खाद्य विभाग के 10 अधिकारियों का प्रमोशन आदेश जारी किया है। इसके तहत रायपुर जिले के खाद्य अधिकारी व प्रभारी खाद्य नियंत्रक भूपेंद्र मिश्रा को रायपुर में ही खाद्य नियंत्रक के पद पर पदस्थ किया है, वहीं सहायक खाद्य अधिकारी अरिवंद कुमार दुबे को भी रायपुर में खाद्य अधिकारी बनाया गया है। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप संरक्षण विभाग के संयुक्त सचिव राजीव कुमार जायसवाल ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। इसके तहत रायपुर जिले के अलावा खाद्य अधिकारियों में अमृत कुजूर सक्ती को खाद्य नियंत्रक, घनश्याम सिंह कंवर को खाद्य नियंत्रक बनाया गया है। इसी प्रकार सहायक खाद्य अधिकारी से खाद्य अधिकारी बनाए गए अधिकारियों में तुलसीराम ठाकुर बालोद, गितेश दत्त मिश्रा बेमेतरा, तारेंद्र सिंह अत्री दुर्ग, शिवेंद्र बहादुर कामटे बलरामपुर-नामानुजगंज, शांति कुमारी धमतरी एवं रविशंकर कोमरा बस्तर जगदलपुर शामिल हैं।

9 आईएएस अफसर का किया पदोन्नत

रायपुर। राज्य शासन ने भारतीस प्रशासनिक सेवा के 2009 बैच के अफसरों को 16 साल की सेवा पूरा होने पर सेवा के अधिसमय वेतनमान पर इस शर्त पर पदोन्नत किया है कि वे मिड कैरियर प्रशिक्षण-4 में अनिवार्य रूप से भाग लेंगे। इसका लाभ पाने वाले 9 अधिकारियों के विभाग यथावत रखे गए हैं। इनमें डॉ. प्रियंका शुक्ला, किरण कौशल, अवनीश शरण, सौरभ कुमार, सुनील कुमार जैन, विपिन मांझी, डोमन सिंह, तंबोली अयाज फकीर भाई को प्रतिनियुक्ति में होने के कारण प्रोफार्मा पदोन्नति दी गई है।

जिले के सभी छात्रावासों को मलेरियामुक्त बनाएं: दुदावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक जिला कार्यालय में संपन्न हुई। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं से माताओं एवं बच्चों की सभी आवश्यक जांच समय पर पूर्ण करें, जिससे मातृत्व सुरक्षित हो सके। कलेक्टर ने निक्षय निरामय अभियान के प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि एक सप्ताह के भीतर सभी स्क्रीनिंग पूर्ण करें। जिले में पूर्ण इम्यूनाइजेशन कार्य में प्रगति लाने, एनआरसी में कुपोषित बच्चों की भर्ती एवं पूर्ण पोषक आहार देने के लिए निर्देशित किया। जननी सुरक्षा योजना के तहत प्रसव पश्चात माताओं को मिलने वाली सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने जिले के सभी छात्रावासों को मलेरिया मुक्त बनाने के लिए भी आवश्यक जांच एवं उपाय करने के निर्देश दिए। साथ ही छात्रावासों में हर महीने एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच के लिए नर्स की डयूटी लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने टीबीमुक्त भारत अभियान की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारी निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों के इलाज में सहायता करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई ने भी शैक्षणिक संस्थानों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों के 100 गज के भीतर तंबाकू विक्रय पर रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

कायाकल्प के लिए किया गया पुरस्कृत

कलेक्टर दुदावत के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग कोण्डागांव ने स्वचछता के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करते हुए पुरस्कार प्राप्त किए हैं। इसके अंतर्गत जिला अस्पताल कोण्डागांव को द्वितीय, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बम्हनी एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र मड़ानार को प्रथम, बींजोली को द्वितीय, देवखरगांव को तृतीय पुरस्कार मिला है। इसके साथ ही सांत्वना पुरस्कार भी प्राप्त हुआ है। बैठक में इसके साथ ही एनक्यूएएस कार्यक्रम की समीक्षा की गई।

ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती भावना महलवार तथा सभी खण्ड चिकित्सा अधिकारी, बीपीएम, सिविल सर्जन डॉ. आर.सी. ठाकुर एवं अन्य चिकित्सकगण उपस्थित रहे।

समीक्षा : कलेक्टर ने आदिवासी विकास विभाग की विभागीय योजनाओं की समीक्षा की

बच्चों को खुशनुमा और पारिवारिक माहौल उपलब्ध कराएं, योग कराएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज आदिवासी विकास विभाग की योजनाओं और प्रगतिरत कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।

■ स्वच्छ परिसर–स्वस्थ जीवन अभियान के तहत छात्रावासों को स्वच्छ व सुंदर बनाने के निर्देश

बैठक में उन्होंने विभागीय योजनाओं के अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने छात्रावास अधीक्षकों को विशेष रूप से कन्या छात्रावासों में सुरक्षा व्यवस्था का विशेष ध्यान रखने को कहा। उन्होंने छात्रावासों को स्वच्छ, सुंदर और छात्रों के लिए अनुकूल वातावरण बनाने पर जोर दिया गया। साथ ही नियमित योग और स्वास्थ्य परीक्षण के भी निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार आदिवासी विकास विभाग द्वारा जिले के सभी छात्रावासों को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए स्वच्छ परिसर–स्वस्थ जीवन अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत स्वच्छता गतिविधि में ग्रामीणों की सहभागिता से श्रमदान कर स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मलेरियामुक्त छात्रावास के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा डीडीटी का छिड़काव, खिड़कियों पर जाली लगवाने और बेड पर मच्छरदानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही स्वास्थ्य परीक्षण और पोषण पर विषय ध्यान दिया जाएगा। छात्र–छात्राओं का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, सिकलसेल की जांच की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि बालिका छात्रावासों को एनीमिया मुक्त बनाने का लक्ष्य है। इसके लिए सभी छात्राओं की स्वास्थ्य परीक्षण की जाएगी और आवश्यकतानुसार पोषणयुक्त आहार दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत योग और मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी गतिविधियां आयोजित की जाएगी। उन्होंने सभी छात्रावासों में नियमित योग सत्र आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधीक्षकों से कहा कि छात्रावास में बच्चों को खुशनुमा और पारिवारिक माहौल उपलब्ध कराएं।

कार्य को पूर्ण करने निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए

कलेक्टर ने जिले में छात्रावास भवनों और मरम्मत कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। निर्माण एजेंसियों को जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने को कहा। उन्होंने छात्रवास भवनों में मरम्मत कार्य एवं प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना के कार्य प्रगति में असंतोष जताते हुए गंभीरता के साथ कार्य को पूर्ण करने निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई ने छात्रावासों में कम्प्यूटर की उपलब्धता की जानकारी ली और विद्यार्थियों को इसका समुचित लाभ दिलाने के निर्देश दिए। बैठक में सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग, मंडल संयोजक और छात्रावास अधीक्षक उपस्थित रहे।

कोंडागांव में काली मिर्च की नई किस्म विकसित, 2025 की धमाकेदार शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कभी संघर्ष और नक्सली हिंसा के लिए पहचाना जाने वाला बस्तर अब अपनी नई कहानी लिख रहा है। यह इलाका अब मसालों की दुनिया में चमकने को तैयार है। छत्तीसगढ़ के किसान वैज्ञानिक डॉ. राजाराम त्रिपाठी ने अपने 30 वर्षों के अथक प्रयास से काली मिर्च की प्रजाति विकसित की है। इस नई प्रजाति का नाम है 'मां दंतेश्वरी काली मिर्च–16 एमडीबीपी 16 जो कम वर्षा वाले क्षेत्रों में भी चार गुना अधिक उत्पादन देती है।

बस्तर बना 'ब्लैक गोल्ड' का गढ़ – डॉ. त्रिपाठी की इस उपलब्धि को हाल ही में भारतीय मसाला अनुसंधान संस्थान आईआईएसआर, केरल और भारत सरकार के प्लांट वैरायटी रजिस्टार, नई दिल्ली से मान्यता मिली है। यह पहली बार हुआ है कि दक्षिण भारत से बाहर, छत्तीसगढ़ के बस्तर जैसे इलाके में काली मिर्च की उन्नत किस्म को सरकारी स्वीकृति मिली हो। यह लंबे समय तक उत्पादन देती है और इसे उगाने के लिए सागौन, पीपल, महुआ और इमली जैसे कॉमन वृक्षों पर उगाया जा सकता है। सबसे बड़ी बात, यह किस्म सूखे और कम सिंचाई वाले इलाकों में भी आसानी से उगाई जा सकती है। बस्तर में इस नई किस्म की खेती ने किसानों के लिए नई संभावनाओं के दरवाजे खोल दिए हैं। देश के 16 राज्यों और बस्तर के 20 गांवों में यह प्रजाति सफलतापूर्वक उगाई जा रही है। अब सरकारी मान्यता मिलने के बाद यह खेती और तेज गति से बढ़ेगी। डॉ. त्रिपाठी का कहना है कि बस्तर में अब सिर्फ संघर्ष की नहीं, समृद्धि की कहानी लिखी जाएगी। अपनी इस सफलता से उत्साहित डॉ. त्रिपाठी जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर मसालों की खेती को लेकर अपने विचार साझा करेंगे। यह सफलता न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे भारत के लिए गर्व का विषय है। बस्तर की यह कहानी संघर्ष, नवाचार और मेहनत की जीत का प्रतीक है।

धान खरीदी कार्य जारी रखने प्रबंधकों को दिए निर्देश

कोण्डागांव। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज धान खरीदी कार्य के संबंध में खाद्य विभाग एवं सहकारिता विभाग सहित प्रबंधकों की जिला कार्यालय में बैठक ली। कलेक्टर ने प्रबंधकों को निर्देशित किया कि जिले के सभी खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से जारी हो और किसी भी प्रकार से बाधित नहीं होना चाहिए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को धान उठाव नहीं करने वाले मिलर्स की जांच करने एवं आवश्यकतानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण कर धान रखने की आवश्यक व्यवस्था के लिए भी निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर ने प्रबंधकों से उनके खरीदी केन्द्रों में धान की खरीदी, उठाव और टोकन की जानकारी ली, साथ ही उनकी समस्याओं से भी अवगत हुए।

दुग्गा सरगुजा आयुक्त ममगाई नारायणपुर कलेक्टर सिंह पीएससी के सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ आईएएस अधिकारियों के तबादले व नई पदस्थापना

राज्य शासन द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के तबादले और नई पदस्थापनाओं के आदेश जारी किए गए हैं। नरेंद्र कुमार दुग्गा सचिव आदिम जाति विकास विभाग को आयुक्त सरगुजा संभाग बनाया गया है। इसी क्रम में अभिजीत सिंह को लोक सेवा आयोग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है, उनके शेष प्रभार यथावत रहेंगे।

पूर्व में यह प्रभार पुष्पेंद कुमार मीणा के पास था, अब वे इस प्रभार से मुक्त होंगे। सुश्री अलरमेल मंगई डी को उनके वर्तमान प्रभार के साथ सचिव वाणिज्यिक कर (पंजीयन विभाग) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

प्रतिष्ठा ममगई को कलेक्टर नारायणपुर बनाया गया है। वे पूर्व में सीईओ जिला पंचायत बस्तर के रूप में सेवाएं दे रहीं थीं। मंत्रालय में सचिव के रूप में पदस्थ नीलम नामदेव एक्का को राज्य सूचना आयोग का सचिव बनाया गया है।

सामुदायिक शेड निर्माण का मतलाम ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

ग्राम पंचायत कोदोभाट ब्यालपुर में सामुदायिक शेड निर्माण लागत 5 लाख का अध्यक्ष जिला पंचायत कोंडागांव देवचंद मतलाम ने किया। श्री मतलाम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा से ही गांव का विकास संभव है। बच्चों के पालकों से खानपान में विशेष ध्यान देने की अपील की। आने वाले समय यही बच्चे जिले का नाम रोशन करेंगे। साथ में गयता मांझी पटेल से आग्रह किया कि 1 दोना चावल ज्यादा चढ़ने की अपील की। अपने अपने देवी देवताओं से भविष्य में बच्चे स्वस्थ रहें और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने की कामना करें। समारोह में टाकेश शोरी सरपंच खिलेश्वर शोरी जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस कोंडागांव चिंता नेताम पूर्व सरपंच भवन नेताम पटेल रोहित कावरे लच्छू राम नेताम सुरेन्द्र नेताम शुकालू कवची सुखराम नेताम पूर्व सैनिक राजेश शोरी शिक्षक लोकेश्वरी पाण्डेय सचिव शिक्षक शिक्षिका व बच्चे, ग्राम के गायता पटेल मांझी और अन्य ग्रामवासी सैकड़ों की जन संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतिम में जल जंगल बचाने , स्कूली बच्चों को प्रोत्साहन राशि मतलाम द्वारा दी गई। सभी ग्रामवासियों ने श्री मतलाम के प्रति आभार जताया।

पेज 9 के शेष

मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने...

सिंह चैहान छत्तीसगढ़ आ रहे हैं, इस दिन भी प्रदेश में आवासहीन हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ और 3100 रूपए प्रति क्विंटल में धान खरीद रही है। अटल जी की जयंती के दिन सुशासन दिवस पर गारंटी के अनुरूप हमने किसानों को दो साल का बकाया धान बोनस का भुगतान भी कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष बारिश अच्छी होने के साथ ही फसल भी अच्छी हुई है, उम्मीद है कि इस वर्ष 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदेंगे। श्री साय ने कहा कि महतारी वंदन योजना में भी हम प्रदेश की 70 लाख से ज्यादा माताओं-बहनों को प्रतिमाह एक हजार रुपए भुगतान कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने नक्सल प्रभावित और पिछड़े क्षेत्रों के विकास के लिए नियद नेल्लानार योजना की शुरुआत की, जिसमें सुरक्षा कैम्पों के 5 किलोमीटर की परिधि में स्थित गांवों में सरकार की 17 विभागों के 53 कल्याणकारी योजनाओं और 28 सामुदायिक सुविधाओं के तहत मूलभूत सुविधाओं का विकास तेजी से सुनिश्चित कर रहे हैं। तेंदूपत्ता जिसे हरा सोना कहते हैं, गारंटी के मुताबिक हमने उसके संग्रहण दर में भी बढ़ोतरी कर दी है, पहले के मुकाबले अब संग्राहकों को 15 सौ रूपए प्रति मानक बोरा ज्यादा राशि मिल रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार रामलला दर्शन योजना का शुभारंभ कर प्रदेश के श्रद्धालुओं को प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए भेज रही है। शिक्षा के क्षेत्र में भी छत्तीसगढ़ आगे बढ़ रहा है, पीएम श्री स्कूल योजना में 341 स्कूलों का विकास हो रहा है, वहां आधुनिक शिक्षा के अनुकूल व्यवस्था कर रहे हैं। श्री साय ने कहा कि शहर और गांवों का विकास अनवरत हो रहा है। पूरे प्रदेश में एक साल के अन्दर शहरी क्षेत्र के विकास के लिए 7 हजार करोड़ रूपए जारी किया जा चुका है, इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों और वनांचलों में तेजी से विकास के कार्य हो रहे हैं। डॉक्टर बनने की इच्छा रखने वाले हमारे युवाओं की हित में हमने एमबीबीएस की पढ़ाई हिन्दी माध्यम में करवाने का निर्णय लिया है। प्रदेश में शिक्षा को आगे बढ़ाने राष्ट्रीय शिक्षा नीति भी लागू कर दी है, आज प्रदेश के स्कूलों में 18 स्थानीय भाषा में पढ़ाई हो रही है। बस्तर में बच्चे हल्बी एवं गोंडी बोली में पढ़ाई कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने आगामी दिनों में बस्तर की तरक्की और उन्नति के लिए अपनी कटिबद्धता दुहराते हुए बस्तर की जनता के हितों के लिए समर्पित होकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

ये रहे उपस्थित- इस अवसर पर सांसद कांकेर भोजराज नाग, विधायक द्वय विनायक गोयल एवं चैतराम अटामी सहित क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधि और पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज पी, कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, सीईओ जिला पंचायत सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई तथा जिला प्रशासन के अधिकारीगण, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

डाक्टर बेटे के...

सर्वेंट ने डाक्टर को कॉल कर दी। जिसके बाद तत्काल डाक्टर बीडी राय जगदलपुर पहुंचे और इसकी सूचना बोधघाट पुलिस को दी। सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर वरिष्ठ अधिकारी व बोधघाट की टीम मौके पर पहुंची। घर पर डाक्टर की पत्नी का शव संदेहास्पद स्थिति में मिला। मौके पर पहुंचकर फारेसिंक टीम द्वारा जांच पड़ताल की गई। शव को पीएम के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रवाना किया गया।

खगांले जा रहे सीसीटीवी- महिला की मौत के मामले में पुलिस घर में काम करने वाली सर्वेंट व कुरंदी निवासी ड्रायवर से भी पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे से भी छेड़छाड़ की गई है और डीवीआर भी गायब है। बहरहाल पुलिस सभी एंगल से घटना की जांच कर रही है। वहीं घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी भी खंगाले जा रहे है।

देर शाम किया गया अंतिम संस्कार- देर शाम स्थानीय मुक्तिधाम में डाक्टर की पत्नी का अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार के दौरान डाक्टर व भानपुरी क्षेत्र के लोग भी शामिल हुए। काफी गमगीन माहौल में पुत्र के आने के बाद देर शाम अंतिम संस्कार किया गया। डाक्टर के मुताबिक उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी और न ही और कोई बात थी। बेटे की अगले माह होने वाली शादी की सभी तैयारी में जुटे हुए थे और इस बीच घटना हो गई जिससे सभी स्तब्ध हैं। बहरहाल प्रारंभिक जांच में मृतिका के गले में निशान पाया गया है और पुलिस को पीएम रिपोर्ट का इंतजार है।

परिवहन नियमों को...

गया। साथ ही वाहनों से यानकर एवं टीपी में तीन लाख 14 हजार 420 रुपए की कार्रवाई की गई है। इस तरह से बेरियर में 670 वाहनों पर 15.42 लाख रूपए समझौता शुल्क लिया गया। बताया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ का टैक्स बिना दिए ही सीमावर्ती राज्य तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र की वाहन बस्तर संभाग के विभिन्न सड़कों में चल रही है। बेरियर में ही आने एवं जाने वालें वाहन चालकों को समझाईश दिया कि मोटरयान अधिनियम एवं केन्द्रीय मोटरयान नियम में दिए गए प्रावधान एवं ई चालानी से बचने के लिए 19 मार्च 2025 तक हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण प्लेट लगाने हेतु समय सीमा निर्धारित किया गया है।

परिवहन नियमों का उल्लंघन नहीं करें- धनपूंजी स्थित चेक पोस्ट के प्रभारी एवं निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि जांच के दौरान वाहन चालकों को समझाइश दी जा रही है कि वे परिवहन नियमों का उल्लंघन नहीं करें अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

दहेज प्रताड़ना, मारपीट...

जाने की नसीहत दी। मामले को ही थाने से निपटारा कर दिया। तनुजा पाल किरंदुल पुलिस की इस कार्रवाई से असंतुष्ट है उनके मुताबिक उन्हें न्याय नहीं मिला। एसपी के पास जाने पर उन्हें और उनके परिजनों को डांट फटकार थाना प्रभारी ने लगाई। उसके बाद भी न्याय नहीं दिया गया। न्याय पाने के लिए फिर से एसपी साहब के पास जाने की बात कही। तनुजा पाल के मुताबिक उनकी शादी 26 जनवरी 2023 को बड़े ही धूमधाम से उनके परिवालों ने करवाई थी। पिता ने अपनी बेटी और दामाद की खुशी के लिए शादी समारोह का हर इंतजाम किया।बारातियों के स्वागत से लेकर शादी समारोह में आए मेहमानों के लिए हरसम्भव बेहतर से बेहतर इंतजाम करने की कोशिश की और किया भी। शादी के कुछ दिनों बाद ही उसकी खुशियां गम में बदल गई। पति मिथिलेश कुमार पाल ने खुद को पीआरओ में कार्यरत करना बताकर शादी किया जबकि पीआरओ में वह काम नहीं करता है। शादी के बाद अपनी पत्नी को गीदम में न रख अपने भाई भाभी के यहां बचेली में रखता था। खुद हफ्ते में एक -दो दिनों के लिए बचेली आता था, बाकी दिन गीदम में ही अकेले रहता था। जब गर्भवती हुई, उस हालत में भी पति लड़ाई झगड़े करता। तलाक के लिए धमकी देता था।

मिथिलेश कुमार पाल मेरी प्रेगनेन्सी का चौथा महिना चल रहा था। ऐसी हालत मेरे पति घर पर आकर और यहां से जाने के बाद मेरे मां-पापा के सामने मुझे धमकी दी। अपनी तकलीफों को बताने पर मुझे तलाक के लिए धमकी दे रहे हैं। मुझे बचेली में उनके परिवार के साथ रखकर काम के बहाने गीदम में जा के रहते हैं। पीआरओ और मानव अधिकार को फेंक आई.डी. दिखाकर मुझे धोखा देकर शादी करने का आरोप लगाते कहा कि जो धोखा मेरे साथ हुआ है। इसके लिए मेरे पति की आई डी कार्ड की जाँच पड़ताल कर कार्रवाई की जाए ताकि मुझे न्याय मिल सके। यहीं धोखा कल किसी और लड़की के साथ ना हो। किरंदुल थाने में आवेदन देने उपरांत भी कोई कार्रवाई न होने पर तनुजा पाल ने 19 दिसम्बर को दंतेवाड़ा एसपी से न्याय के लिए गुहार लगाई। तब एसपी गौरव राय ने मामले की गम्भीरता को देखते हुए तत्काल थाना प्रभारी को आवेदन के आधार पर कार्रवाई करने के निर्देश जारी किया है। तनुजा पाल ने दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय को लिखित आवेदन देते हुए बताया कि पति के द्वारा दहेज में कार की मांग करते हैं और लिंग परीक्षण करवाने हेतु दबाव बनाया जाता है।

अभी मेरी एक माह की बच्ची है ससुराल वाले डी.एन.ए टेस्ट की के लिए हर रोज सुनाते थे। किरन्दल थाने में मेरा एफआईआर दर्ज नहीं किया गया, डेढ़ साल तक मेरे पति को समझाने की कोशिश पर वो नहीं सुधरे। शादी में ससुराल पक्ष से दिये हुये सारा सोने का सामान मुझसे ले लिया गया है। पर प्रेगनेन्सी में पहनने के कपड़े से लेकर दहेज को कोई भी सामान मेरे ससुराल वाले नहीं दे रहे है। ना ही मुझे घर में प्रवेश करने की अनुमति दे रहे है। मेरी बेटी आज एक माह की होने वाली है पर आज तक ना मेरे ससुराल वाले ना मेरे पति कोई देखने तक नहीं आया। मुझे और मेरी बच्ची को न्याय दिलाएं और मेरे दहेज के सामान जिस पर मेरा हक है वो मुझे दिलवाने की मांग की गई है।

बस्तर में लंबित राजहरा...

यात्रा नगरनार के भू-प्रभावितों व ग्रामीणों के मांग अनुरूप रहेगा। इसके अलावा नगरनार से सटे कोपागुड़ा में एनएमडीसी द्वारा प्रस्तावित कोपागुड़ा में सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल बनाया जाना था, लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार बस्तर में बेहतर चिकित्सा सुविधा बस्तरवासियों को मिले यह चाहती ही नही है,इसलिए तो प्रस्तावित हॉस्पिटल को रद्द कर मेडिकल कॉलेज के समक्ष प्रारम्भ करने का निर्णय लिया है। यह नगरनार प्लांट प्रभावितों के साथ छल है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपज बैज ने प्रेसवार्ता में यह आरोप लगाया।

राजीव भवन में पत्रकारों से रूबरू होते बैज ने कहा नगरनार स्टील प्लांट का विनिवेशीकरण एक घातक निर्णय है। नगरनार स्टील प्लांट का विनिवेशीकरण जनता के हितों के खिलाफ और इसे केवल निजीकरण की साजिश के रूप में देखा जा सकता है। आर्थिक अस्थिरता विनिवेशीकरण के बाद इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर समाप्त हो आएंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। वहीं बस्तर विकास प्राधिकरण की बैठक में पारित 22 एकड़ जमीन खूंटपदर में जमीन आवंटित की गई थी जिस पर एनएमडीसी की साफ प्रतिक्रिया आई है कि अब सरकार अस्पताल नहीं बनाएंगे। एनएमडीसी ने वादा किया था कि अस्पताल हम बनायेंगे, किंतु भारतीय जनता पार्टी की सरकार उस प्रोजेक्ट पर पूर्णतः ग्रहण लगा चुकी है। इस दौरान शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदु, नेता प्रतिपक्ष उदयनाथ जेम्स,राजीव शर्मा, अतिरिक्त शुक्ला, अमजद खान,जाहिद हुसैन,जावेद खान, निकेत झा, अनुराग महतो,अजय बिसाई,संदीप दास, विशाल खंबारी, मनोहर सेठिया,शादाब अहमद, पंकज केवट आदि मौजूद रहे।

सीएसआर मद पर लगा ग्रहण- इसी तरह सीएसआर मद की राशि प्रभावित गांवों के लोगों का हक है जिसको छीना जा रहा है। सीएसआर के तहत प्रभावित क्षेत्र के विकास के लिए निर्धारित राशि अभी तक जारी नहीं की गई है जनता के अधिकार का हनन भाजपा प्रदेश सरकार कर रही है। जिससे प्लांट प्रभावित गांवों को विकास कार्य से हमेशा वंचित रखा है,जनता के साथ धोखा है। एनएमडी क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार का प्रमुख स्त्रोत है किन्तु अब तक स्थानीय लोगों को रोजगार देने के वादे को नजरअंदाज किया गया है। रोजगार के अवसर समाप्त स्थानीय युवाओं को रोजगार न देकर बाहरी लोगों की रोजगार की प्राथमिकता दी जा रही है यह क्षेत्रीय जनता के साथ अन्याय है।

एनएमडीसी मुख्यालय जगदलपुर लाए- पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा प्रदेश में जब हमारी कांग्रेस की सरकार थी,तो एनएमडीसी मुख्यालय जगदलपुर लाने विधानसभा में संकल्प लाया था ताकि स्थानीय युवाओं को रोजगार दिया जाये एवं उन्हें प्रशिक्षित कर रोजगार के योग्य बनाया जाये। एनएमडीसी नगरनार का विनिवेशीकरण, अधूरा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, सीएसआर फण्ड का जारी ना होना और स्थानीय लोगों को रोजगार ना मिलना यह सभी क्षेत्र के विकास में बाधक है। इन सभी प्रमुख मांगो को लेकर बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा खुटपदर से जगदलपुर तक की यह छत्तीसगढ़ न्याय पदयात्रा निकाली जा रही है।

खबर संक्षेप

गणतंत्र दिवस आयोजन के संबंध में बैठक 7 को

दंतेवाड़ा। 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस) की गरिमामय ढंग से मनाये जाने के लिए रूपरेखा तैयार करने हेतु कलेक्टर की अध्यक्षता में 7 जनवरी मंगलवार को समय-सीमा बैठक के उपरांत समय अपरान्ह 12 बजे संयुक्त जिला कार्यालय भवन तृतीय तल के डंकनी सभा कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया है। इस संबंध में संबंधित विभागों को अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है।

नशीला टेबलेट बेचने के आरोप में कारोबारी गिरफ्तार

रायपुर। राजधानी में नशीला टेबलेट के कारोबार से जुड़े लोगों को प्रतिबंधित टेबलेट आपूर्ति करने के आरोप में पुलिस ने ओडिशा के एक दवा कारोबारी को गिरफ्तार किया है। नशीला टेबलेट बेचने वाले पूर्व में गिरफ्तार चार आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने ओडिशा, संबलपुर निवासी बिहारी प्रसाद अग्रवाल को गिरफ्तार किया है। बिहारी का संबलपुर में जय माता दी नाम से मेडिकल स्टोर है।

गांजा के साथ महिला सहित दो गिरफ्तार

रायपुर। तेलीबांधा में श्मशान घाट के पास थैला में गांजा रख कर बेचते हुए पुलिस ने एक महिला तथा एक युवक को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 32 हजार रुपए से ज्यादा कीमत का तीन किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस ने गांजा बेचने के आरोप में सुभाष नगर निवासी रेणु कुल्हारिया तथा निखिल यादव को गिरफ्तार किया है।

निधन

रंजीत चौधरी

जगदलपुर। रंजीत चौधरी पिता स्व. कालीपद चौधरी का आकस्मिक निधन 2 जनवरी को हो गया है। उनका अंतिम यात्रा 3 जनवरी को प्रातः 10:30 बजे गृह निवास माता संतोषी वार्ड से मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। ततपश्चात मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया जाएगा।

पोटाली सब हेल्थ सेंटर : संघर्ष, सामूहिक प्रयास और आशा की यात्रा

तीन गांवों के ढाई हजार लोगों का होगा इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले के गहरे जंगलों में स्थित पोटाली गांव की कहानी अनगिनत संघर्षों, चुनौतियों और अंततः विजय की मिसाल है। पोटाली गांव, जो कभी हिंसा और अशांति के लिए जाना जाता था, आज एक नई आशा का केंद्र बन चुका है।

2004-05 में एनएमडीसी द्वारा निर्मित पोटाली सब हेल्थ सेंटर ने अपने निर्माण के कुछ समय बाद ही नक्सली हिंसा और सलवा जुडूम आंदोलन के कारण अपना उद्देश्य खो दिया। नक्सलियों ने इस भवन की दीवारों पर धमकी भरे संदेश लिख दिए थे, जो इसे उपयोग करने वालों को चेतावनी देते थे। इससे हेल्थ सेंटर वर्षों तक अनुपयोगी रहा।

ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए 7 किलोमीटर दूर अरनपुर या 18 किलोमीटर दूर समेली गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक पैदल जाना पड़ता था। कई बार, केवल बुनियादी दवाओं के लिए भी उन्हें मीलों चलना पड़ता था। यह स्थिति ग्रामीणों के लिए बेहद कठिन और निराशाजनक थी।

2021-22 में, जब आयुष्मान भारत - हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर योजना के तहत पोटाली एसएचसी को पुनर्जीवित करने का प्रस्ताव आया, तो यह ग्रामीणों के लिए एक नई आशा की किरण लेकर आया। जिला स्वास्थ्य टीम, जिसमें डब्ल्यूएचओ कंसलटेंट और स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारी शामिल थे, ने पोटाली के लगभग 50-60 ग्रामीणों के साथ बैठकें कीं। इन बैठकों के दौरान ग्रामीणों ने अपनी कठिनाइयां साझा कीं। उनके संघर्ष की कहानियां, जैसे कि दवाओं के लिए नंगे पांव 7 किलोमीटर पैदल चलना, दिल को झकझोरने वाली थीं।

ग्रामीणों की अपील और दृढ़ संकल्प ने अधिकारियों को प्रेरित किया। एसएचसी पोटाली के जीर्ण-शीर्ण भवन का नवीनीकरण शुरू हुआ। कई वर्षों तक जो भवन वीरान पड़ा था, उसमें फिर से जीवन लाने का कार्य आरंभ हुआ।

चुनौतियां और बलिदान

हालांकि, यह यात्रा आसान नहीं थी। अप्रैल 2023 में अरनपुर के पास हुए एक बम धमाके में 10 सुरक्षा कर्मियों की मौत ने पूरे क्षेत्र में डर का माहौल बना दिया। इस घटना के बाद ठेकेदारों और श्रमिकों ने अपनी सुरक्षा के डर से काम रोक दिया। हालांकि, नवंबर 2023 में ग्रामीणों और जिला प्रशासन के बीच फिर से बातचीत हुई। प्रशासन ने ग्रामीणों को सुरक्षा का आश्वासन दिया, और काम को फिर से शुरू किया गया। लेकिन, अप्रैल 2024 में एक प्रमुख ग्रामीण नेता, जो इस परियोजना के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे थे, की हत्या ने समुदाय को गहरे शोक में डाल दिया।

सामूहिक प्रयासों से सफलता

इन सभी बाधाओं के बावजूद, पोटाली एसएचसी को पुनर्जीवित करने का कार्य रुकने नहीं दिया गया। जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और ग्रामीणों ने मिलकर इस परियोजना को पूरा करने के लिए अथक प्रयास किए। सरकारी योजनाएं, जैसे 'एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम' और 'नियाद नेलनार योजना', ने इस परियोजना को गति प्रदान की। अंततः, 1 जनवरी 2025 को माननीय विधायक और जिले के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में एसएचसी पोटाली का उद्घाटन हुआ। इस समारोह में लगभग 180 ग्रामीण शामिल हुए और इस ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न मनाया।

आशा की नई किरण

आज, आयुष्मान आरोग्य मंदिर सब हेल्थ सेंटर पोटाली तीन गांवों के 2,583 निवासियों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का केंद्र बन चुका है। इस केंद्र में छह-बिस्तरों वाला वार्ड की भी सुविधा है जिसके सफल संचालन के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, ग्रामीण स्वास्थ्य आर्गेनाइजर और 26 मितानिन की टीम मौजूद है। यह केवल स्वास्थ्य सेवाओं का केंद्र नहीं है, बल्कि सामुदायिक सहयोग और दृढ़ संकल्प का प्रतीक बन चुका है। सब हेल्थ सेंटर पोटाली की यह यात्रा दर्शाती है कि चाहे परिस्थितियां कितनी भी कठिन क्यों न हों, सामूहिक प्रयास और संकल्प के साथ असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है।

संजय बाजार क्षेत्र में घूम रहे यूपी के तीन युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित संजय बाजार क्षेत्र में घुम रहे यूपी के तीन घुमन्तुओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तीनों पुलिस पेट्रोलिंग टीम को देखकर छुपने का प्रयास कर रहे थे जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया।

- पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी को देख छिपने का कर रहे थे प्रयास, घेराबंदी कर पकड़ा
- घटना की आंशका से गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायालय में किया पेश

सीएसपी उदित पुष्कर ने बताया कि शहर में घुमते पाये गये घुमन्तु व्यक्तियो को कोतवाली पुलिस ने संजय मार्केट क्षेत्र में घुमते पाये जाने पर पकड़ा गया है। शहर में बढते अपराधो की रोकथाम के लिए तीनों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। गिरफ्तार युवकों में रूपसिंह, जीवन सिंह निवासी कानपुर उत्तरप्रदेश तथा विनोद सिंह निवासी मानपुर थाना सिकदंश उत्तरप्रदेश शामिल है। एसपी शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व में बस्तर पुलिस द्वारा आपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। वही बेसिक पुलिसिंग अन्तर्गत शांति व्यवस्था हेतु लगातार कार्यवाही कर अपराध नियंत्रण की कार्यवाही एवं शाति व्यवस्था स्थापित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शहर के संजय मार्केट क्षेत्र में पुलिस पार्टी को पेट्रोलिंग दौरान कुछ व्यक्तियो के द्वारा पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी को देखकर अपनी उपस्थित छुपाते भागने का प्रयास कर रहे थे जिसे टीम द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिनसे घुमने और छिपने का कारण पुछताछ करने पर सभी व्यक्ति सही जवाब व संतोषप्रद जवाब न देकर पुलिस को भ्रामक जानकारी दिया जा रहा था। जिनके द्वारा कभी भी किसी घटना को अंजाम दिया जा सकता है, जिसे प्रतिबंधित करने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 128 के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया।

चर्च में मोमबत्ती जलाकर नववर्ष की आराधना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के चंदिया मेमोरियल मेथाडिस्ट चर्च में बुधवार को नव वर्ष की आराधना संपन्न हुई। आराधना का संचालन डीएस रेव्ह. रविंद्र नाथ द्वारा किया गया।

- अच्छे समाज का निर्माण करने दिया संदेश



सर्वप्रथम मोमबत्ती जलाकर आराधना प्रारंभ की गई, उसके पश्चात बिंदु गाडनर और क्वायर द्वारा विशेष गीत गाया गया। संदेश पास्टर युसूफ सिंह द्वारा दिया गया, जिसका विषय था कि जब हम नए वर्ष में अपने कदम को रखते हैं तब अपने पुराने हर एक जीवन के पुराने पापों को पुराने मनुष्य तत्व को और अपने स्वभाव को हम को बदलना है और यीशु के स्वभाव में हमें अपने आप को आत्मिक स्वभाव में नया बनते जाना है। हमको एक दूसरे के अपराध क्षमा करना है जैसे प्रभु यीशु मसीह ने सब मानव जाति के अपराधों को क्षमा किया और सभी के साथ हमको मेल मिलाप रखना है एक दूसरे के दुख-सुख में बराबरी के साथ खड़े होना है, एक अच्छे समाज का निर्माण करना है। उसके बाद क्वायर द्वारा विशेष गीत अंचल हिल, रोहित सुता, आयुष सिंह, ऋषभ झा, अंशित राव, जान आकाश, रॉनित सामंत, आदिश सिंह, एलिसन इसहाक द्वारा दिया गया। मसीह समाज के प्रवक्ता अनिमेष दास ने बताया कि सभा के पश्चात मेथाडिस्ट चर्च के सभी कमेटी के सदस्यों और कॉन्फ्रेंस के सदस्यों और लोकल प्रीचरओ को सम्मानित किया गया। कलीसिया में केक काटकर बांटकर नव वर्ष की बधाई दी गई। विशेष रुप से बबलू पाल, राजन डेविड, शैलेंद्र शाह, विश्वजीत सिंह, मोसेस क्रिस्टोफर, अरुण जेडक, निवेश नाथ, गौरव तिवारी, अनुराग तेलंग, मेहताब सिंह, आयुष खेश, जतिन कुमार, जॉर्डन सामंत, रोहित सुता, अंचल हिल शामिल रहे।

सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शा.उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानपुरी के द्वारा बस्तर ब्लॉक के ग्राम पंचायत राजपुर मे सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। भूतपूर्व सरपंच रामबासी कश्यप और प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल राजपुर और नागरिको ने 1 जनवरी को शुभारंभ हुआ।

ग्रह शिविर 1 जनवरी से 7 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा जिसमें परियोजना कार्य,बौद्धिक परिचर्चा और सांस्कृतिक कार्यक्रम मे विभिन विषयों मे जैसे नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, दहेज प्रथा, बाल विवाह, आधुनिक जीवन मे योग का महत्व, अंधविश्वास और स्वास्थ्य, स्वच्छता पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सात दिवसीय विशेष शिविर का थीम स्वच्छता ही सेवा के लिए युवा पर आधारित है।

इस दौरान प्राचार्य चरण सिंह बघेल, संकुल समन्वयक गजेंद्र ठाकुर, कार्यक्रम अधिकारी टीएस ठाकुर, विजय कश्यप, भुवनेश्वर बघेल, छोटू भारती, रूपेश बघेल, बंटी कश्यप, मोहित कश्यप, सामनाथ कश्यप, योगेश, फूलसिंह, गोलू, संजय भारती, कमला ठाकुर, राजपुर में पदस्थ सभी शिक्षक गण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

आर्या परियोजनांतर्गत सुगंधित धान एवं मिलेट प्रसंस्करण पर प्रशिक्षण कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

कृषि विज्ञान केंद्र गीदम दंतेवाड़ा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. प्रवीण कुमार निषाद के मार्गदर्शन में आर्या परियोजनांतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 01 से 02 जनवरी 2025 को आयोजन किया गया। जिसमें सुगंधित चावल और मिलेट के प्रसंस्करण पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों और स्थानीय उद्यमियों को नवीनतम तकनीकों और उपकरणों की जानकारी प्रदान करना था। जिससे वे इन फसलों के मूल्यवर्धन और विपणन में सुधार कर सकें। पहले दिन विशेषज्ञों ने सुगंधित चावल के प्रसंस्करण की प्रक्रिया, गुणवत्तापूर्ण चावल उत्पादन, और भंडारण तकनीकों पर जानकारी दी। प्रतिभागियों को चावल की सुगंध और गुणवत्ता बनाए रखने के लिए आधुनिक उपकरणों का उपयोग करने की विधि सिखाई गई। दूसरे दिन मिलेट (कोदो,कुटकी,रागी, ज्वार आदि) के प्रसंस्करण और उससे बने उत्पादों पर चर्चा की गई। मिलेट आधारित उत्पादों जैसे लड्डू, कुकीज, और फ्लेक्स बनाने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। प्रतिभागियों को इन उत्पादों के बाजार मूल्य और पोषण संबंधी लाभों के बारे में जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण में स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की 30 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने न केवल तकनीकी ज्ञान प्राप्त किया, बल्कि फसलों के प्रसंस्करण से जुड़े व्यावसायिक अवसरों को समझा। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए और विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। केवीके दंतेवाड़ा ने प्रतिभागियों को आगे भी सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया और क्षेत्र में प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना हेतु योजनाओं पर चर्चा की। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम किसानों और उद्यमियों के लिए बेहद उपयोगी सिद्ध हुआ और उनके आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। कार्यक्रम को सफल बनाने में केन्द्र के अन्य सदस्य अनिल कुमार ठाकुर, एस के पोडयाम, जी परमेश्वरी, राजकुमार, अमित, विनोद आदि का योगदान रहा।

सूखे पेड़ की टहनी गिरने से बाइक सवार युवक घायल

सुकमा। जिला मुख्यालय के राजवाड़ा के समीप गुरुवार को एक बाइक पर पेड़ की टहनी गिरने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि पीछे बैठी युवती को एक खरोच तक नहीं आई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। छिंदगढ़ ब्लॉक के कोडरीपाल निवासी 28 वर्षीय मनीराम बघेल गुरूवार को सिलाई मशीन खरीदने अपनी बहन संध्या बघेल के साथ सुकमा आया था। सुबह 11.15 बजे पहुंचे ही थे कि कलेक्टोरेट मार्ग पर राजवाड़ा के पास एक सूखा पेड़ की टहनी टूटकर उपर गिर गई। इससे बाइक चला रहे मनीराम बघेल चपेट में आ गया और मौके पर ही गिर गया। टहनी का नुकीला टुकड़ा घुसने से मनीराम का गला कट गया। इस बाइक के पीछे बैठी संध्या को कुछ नहीं हुआ। घायल को तत्काल अस्पताल लाया गया। घटना की सूचना पुलिस थाना के अलावा परिजनों को दी गई है। घटना के बाद विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सूखे पेड़ के टहनियों को काटा। इधर घटना को लेकर नगरवासियों में बहुत नाराजगी है। लोगों ने कहा कि नगर में सड़क किनारे और भी बहुत से सूखे पेड़ हैं जो घटनाओं को आमंत्रित कर रहे हैं।

डॉ आनंद जी सिंह और डॉ गीता सिंह, मदर टेरेसा सम्मान से सम्मानित

गीदम। दुर्ग के गोंडवाना भवन सिविल लाइन में आयोजित सम्मान समारोह में उपायुक्त डॉ आनंद जी सिंह और डॉ गीता सिंह को मदर टेरेसा सम्मान से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम धरती के बीज और उपासना फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया था। इन समाज सेवी संस्थाओं द्वारा डॉ आनंद जी सिंह और डॉ गीता सिंह को उनकी विशिष्ठ उपलब्धियों के लिए मदर टेरेसा सम्मान से सम्मानित किया गया। इस दौरान उन्हें प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, डॉ मानसी गुलाटी, प्रकाश देशलहरा, कैलाश बरमेचा, अरविंद खुराना, लक्ष्मीनारायण लाहोटी, श्रीमती रत्ना नामदेव, श्रीमती रश्मि अग्रवाल, सूफ़ी जे रूमी, जितेंद्र हासवानी, सीताराम ठाकुर, सूफियान अली, धरती के बीज संस्था के अध्यक्ष नंद कुमार वर्मा, उपासना फाउंडेशन के अध्यक्ष सुबीर सेन उपस्थित थे।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गीदम, जिला-दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./202501161800001/अ-2/2024-25
ग्राम-हारम, प.ह.नं.-20, तहसील-गीदम

// उद्घोषणा//

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि आवेदक पवन कुमार भंसाली पिता मानकलाल भंसाली उम्र 31 वर्ष जाति-सामान्य निवासी ग्राम- हारम तहसील- गीदम जिला- दक्षिण बस्तर दंतेवाडा (छ.ग.) मोबाईल नं. 9589668421 के द्वारा छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत धारा 172 के तहत अपने क्रयशुदा भूमि ग्राम- हारम प.ह.नं. 20 रा.नि.म. गीदम तहसील- गीदम में स्थित भूमि खसरा नंबर 176/7 रकबा 0.0960 हे. भूमि को व्यपवर्तन कराना चाहते है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भू-खण्ड के व्यपवर्तन से यदि किसी को आपत्ति हो तो इस न्यायालय के समक्ष दिनांक 17/01/2025 को उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

यह उद्घोषणा मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/01/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गीदम

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग.

रा.प्र.क्र. 133/ब-121/2024-25

// उद्घोषणा //

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामसाय भारती पिता स्व. लक्ष्मण जाति भतरा ग्राम धनपुर तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने माता स्व. सुकमती पिता स्व. टीलु निवासी धनपुर तहसील करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग. मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया है।

अतः आवेदक के माता स्व. सुकमती पति स्व. टीलु ग्राम धनपुर का दिनांक 10/10/2013 को मृत्यु हुई है। आवेदक रामसाय भारती पिता स्व. लक्ष्मण जाति भतरा ग्राम धनपुर तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के माता स्व. सुकमती मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 03/01/2025 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 19/12/2024 मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर Sorry bhai से
SORRY BHAI ड्राई जगहों मे पानी निकाल कर देने की ठेका लेते है
ऐसे लोग जो बार-बार बोर करवा कर परेशान हो चूके है फिर भी पानी नही निकाल पा रहे है तो SORRY BHAI को पानी निकाल कर देने के लिए ठेका दे दो।
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
पैसा पानी निकलने के बाद देना

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

डांस करने के विवाद पर चाकू से जानलेवा हमला

रायपुर। नए साल को लेकर किए गए आयोजन में डांस करने के विवाद पर एक युवक ने दूसरे युवक के खिलाफ चाकू से जानलेवा हमला करने की राजेंद्र नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुरैना निवासी अरुण सोना ने संजय रात्रे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। अरुण ने पुलिस को बताया है कि मंगलवार को नए साल को लेकर उन लोगों ने नाच-गाने का आयोजन किया था। इस दौरान नाचते हुए योगेश साहू संजय से टकरा गया। इस बात को लेकर संजय ने योगेश के साथ गाली-गलौज करते हुए उसकी जांघ, कूल्हे तथा पेट में चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

अरबी में लिखी नंबर प्लेट पांच हजार रुपए जुर्माना

रायपुर। ट्रैफिक पुलिस ने साल के पहले दिन एक लग्जरी कार में अरबी में नंबर प्लेट लिखे जाने पर चालानी कार्रवाई करते हुए कोर्ट में चालान पेश किया। जगदलपुर निवासी मोहम्मद अरबी हुसैन के खिलाफ गलत तरीके से अरबी में नंबर प्लेट लिखे जाने पर पांच हजार रुपए जुर्माना लगाया गया है। ट्रैफिक पुलिस ने सभी वाहन मालिकों से असुविधा से बचने के लिए निर्धारित समय तक अपने वाहनों को यूनिक नंबर प्लेट में परिवर्तित कराने की अपील की है।

एक महीने चलेगा सड़क सुरक्षा सप्ताह

रायपुर। केंद्रीय परिवहन मंत्रालय के निर्देश पर एक जनवरी से 30 जनवरी तक सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश तथा सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के अध्यक्ष मनोहर सप्रे ने हरी झंडी दिखाकर सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर एसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने हेलमेट पहनकर बाइक चलाते हुए दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहन कर वाहन चलाने का संदेश दिया। सड़क दुर्घटना में हर साल मरने वालों की संख्या में वृद्धि हो रही है। इनमें से ज्यादातर की मौत सिर पर गंभीर चोट लगने की वजह से होती है।

निष्पक्ष, निर्भीक एवं विश्वसनीय अखबार हरिभूमि पाठकों की पहली पसंद : विष्णुदेव

हरिभूमि के बहुरंगी आकर्षक कैलेण्डर का मुख्यमंत्री ने किया विमोचन

जगदलपुर। दैनिक हरिभूमि के 2025 के बहुरंगी,आकर्षक व जनउपयोगी कैलेण्डर का विमोचन गुरुवार को कंगोली में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, वनमंत्री केदार कश्यप, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद बस्तर महेश कश्यप, सांसद कांकेर भोजराज नाग, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण देव, चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटट्ामी, केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, वरिष्ठ भाजपाई श्रीनिवास राव मद्दी, व्यवसायी महेंद्रकांत संघाणी, किशोर पारख, डॉ.हेमंत कुमार एवं वेदमाता गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष राजबहादुर सिंह राणा के द्वारा किया गया। विमोचन करने वाले अतिथियों ने हरिभूमि के कैलेंडर की खुब तारीफें की और इसे लोगों के लिए उपयोगी बताया।

उन्होनें कहा कि बस्तर समेत संपूर्ण छत्तीसगढ़ एवं देश के दिल की आवाज हरिभूमि छत्तीसगढ़ में अपने स्थापना की 23वीं वर्षगांठ मना रहा है ऐसे अवसर पर उनके द्वारा पाठकों को निःशुल्क दिया जा रहा यह कैलेण्डर केवल सूचनाओं का कैलेंडर नहीं होगा बल्कि घर के सदस्य के रूप में आगामी एक वर्ष तक उपयोगी होगा। इस अवसर पर हरिभूमि के संभागीय ब्यूरो प्रमुख सुरेश रावल एवं बस्तर के मार्केटिंग हेड समीर सेन मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने दिव्यांग कनक बाई को दी मोटराईज्ड ट्रायसायकिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जिले में प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बांदापारा चितापुर निवासी दिव्यांग कनक नाग को मोटराईज्ड ट्रायसायकिल प्रदान की।

- **कनक बाई ने कहा मुख्यमंत्री ने मोटराईज्ड ट्रायसायकिल नहीं मेरे दोनों पैर दे दिये उनका आभार**

मोटराईज्ड ट्रायसायकिल पाकर कनक नाग ने बताया कि बचपन से ही उसके दोनो पैरों में दिक्कत होने के कारण उसे चलने-फिरने व अपने निजी कार्यों को करने में काफी परेषानियों का सामना करना पड़ता था। घर से बाहर जाने के लिए उसे किसी का सहारे की जरूरत होती थी। लेकिन अब प्रदेष के मुख्यमंत्री श्री साय ने उसे मोटराईज्ड ट्रायसायकिल दे दी है, जिसकी मदद से वह अब अपने कार्यों आसानी से पूरा कर सकेगी। कहीं जाने के लिए उसे किसी सहारे की भी जरूरत नहीं पड़ेगी। कनक नाग ने कहा कि मुख्यमंत्री साय ने मुझे स्वचलित ट्रायसायकिल नहीं मेरे दोनों पैर दे दिये है। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद देती हूं। बता दें कि समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजनांतर्गत सहायक उपकरण निःशुल्क प्रदान किये जाते है।

धीरे-धीरे आशा बंधी और बन गया पक्का मकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कभी खुद का पक्का मकान बनाना सपने से कम नहीं था, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की सूची में नाम आने से

- **सुबरी बाई का पक्के आवास का सपना हुआ पूरा, टपकती छत और जहरीले जीव-जंतुओं से रहेगी सुरक्षित**

धीरे-धीरे आशा बंधी और मेरा पक्का मकान बन गया। ये कहना है, दूरस्थ वंनाचल क्षेत्र लोहण्डीगुड़ा में रहने वाली सुबरी बाई का, जिसे आज प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जगदलपुर स्थित अजजा पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित लोकार्पण एवं भूमिपूजन में उसे नवनिर्मित प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत उसके घर की चाबी सौंपी। सुबरी बाई ने बताया कि लंबे समय तक कच्चे घर में रहने के कारण हर बारिश के मौसम में छत टपकने और पानी घुसने की चिंता बनी रहती थी। साथ ही बंदरों द्वारा भी उनके कच्चे मकान में खूब उत्पात मचाया जाता था। कच्चा आवास होने के कारण जहरीले जीव जंतुओं के घुसने का भी खतरा बना रहता था।

सुबरी बाई ने प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय को धन्यवाद देते हुए कहा कि अब उन्हें अपने घर की सुरक्षा और आराम का भरोसा है। प्रशासन ने उनकी मदद की, जिसके कारण उनका घर बन सकेगा। बारिश के दौरान जो समस्याएं पहले उन्हें हर साल झेलनी पड़ती थी, अब उनसे मुक्ति मिलेगी। इस पक्के आवास के मिलने से उनका जीवन सरल और सुरक्षित रहेगा और उन्हें अपने बच्चों के भविष्य के बारे में चिंता नहीं करनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि आवास योजना हम जैसे गरीबों के पक्के मकान का सपना पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

15 टीबी मरीजों को दिया फुड बास्केट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर के धरमपुरा कॉलेज ग्राउंड में आयोजित विभिन्न कार्यों के शिलान्यास कार्यक्रम में गुरूवार को शासकीय विभागों द्वारा आयोजित

- **स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी को एनक्वॉस का प्रमाण पत्र**

स्टाल में विभिन्न योजनाओं के लाभान्वित हितग्राहियों और विशेष उपलब्धि प्राप्त कर्मचारियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। अशोक अरोड़ा समेत पांच अन्य लोगों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड मुख्य अतिथि द्वारा प्रदान किया गया, नवरत्न जलोटा समेत 7 लोगों को आयुष्मान कार्ड वितरित किया गया। सिकल सेल कार्ड नितिन नाथ और आती को मुख्य अतिथि द्वारा सिकल सेल कार्ड प्रदाय किया गया, 15 टीबी मरीजों को फुड बास्केट का वितरण किया गया। फूड बास्केट वितरित करने में निश्चय मित्रो का विशेष योगदान रहा, जिनमें से रोटरी क्लब जगदलपुर, जिनके अध्यक्ष विवेक सोनी और पूर्व अध्यक्ष दिनेश का कागोत इस अवसर पर उपस्थित थे। इसी तरह निश्चय मित्र के रूप में डीपीएम जिला बस्तर, डॉ. रीना लक्ष्मी, राइस अगेंस्ट हंगर इंडिया, जगदलपुर और जगदीश शर्मा द्वारा निश्चय मित्र प्रमाण पत्र प्राप्त किया गया। एनक्वॉस प्रमाण पत्र हेतु यूपीएससी गीदम रोड की डॉ. एंजेल पलक और सीएससी तोकापाल से आयुष्मान आरोग्य मंदिर, पलवा के लिए चेतन शर्मा को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग के जिला मीडिया अधिकारी शकील खान ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सीआर मैत्री, जिला समन्वयक आयुष्मान भारत, पृथ्वी साहू जिला सलाहकार टीबी कार्यक्रम कमलेश वर्मा, महेंद्र पांडे, टीबी तथा आयुष्मान कार्ड से संबंधित सभी विभागीय अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे।

शहर में हर्षोल्लास के साथ किया संकीर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सनातनी मातृ शक्तियां व पुरुष कर्मकर्ता अब हर मंगलवार को संध्या 7 बजे से 8 बजे तक श्री राम का संकीर्तन पदयात्रा शहर के अलग-अलग मंदिरों से करेंगे। 31 दिसम्बर की देर शाम स्थानीय सीताराम शिवालय देर शाम साढ़े 7 बजे सैकड़ों रामभक्त नगर भृमण कर हर्ष उल्लास के साथ संकीर्तन किया। नगर पद चलन में सम्मलित सभी सनातनी श्रीराम जयराम जय जय राम का पाठ करते हुये नगर संकीर्तन में सीताराम शिवालय से मेनरोड होते हुए माँ दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में दीपयज्ञ किया और सभी के लिए प्रभु श्रीराम और माँ दंतेश्वरी से सबके शुभ की मंगलक़ामना की। यह यात्रा सीताराम शिवालय से प्रारंभ होकर श्रीराम चौक से मेन रोड होते हुए गोलबाजार चौक से सीरासार से दंतेश्वरी मंदिर होते हुए गुरुनानक चौक से मेनरोड होते हुए पुनः सीताराम शिवालय मंदिर प्रांगण में जयघोष व शांतिपाठ के साथ संपन्न हुआ। यह संध्या नगर संकीर्तन में सभी सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया किसभी संध्या 6.45 बजे सीताराम शिवालय में अपनी उपस्थिति दर्ज कराए, टीक 7 बजे संकीर्तन प्रारंभ होगा। जो एक घंटे अर्थात 8 बजे तक प्रति मंगलवार अलग अलग से दिशाओं में निकलेगी।

सभी राम भक्त से अनुरोध किया गया कि 7 जनवरी को पुनः सीताराम शिवालय से कोतवाली होते हुए संकीर्तन कुम्हारपारा से वापस होगी। सभी सनातनी राम भक्त कृपया इस श्री राम संकीर्तन में अपनी उपस्थिति दर्ज कर धर्म लाभ लेने की अपील आयोजकों ने की। संकीर्तन में मुख्यरूप से गणेश दाहिया,शंकर गुप्ता, अनिल सामंत, सुरेश गुप्ता,योगेन्द्र कौसिक, नलिन शुक्ला, दामोदर, जीडी अग्रवाल, विजय भारत,ईश्वर राव, डा मनोज पानीग्राही, तनय पाण्डे, धीरज यादव सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही जिन्होंने आनेवाले मंगलवार में अपने साथ और राम भक्तों को जोड़ने का संकल्प लिया।

पर्यटकों के लिए वन विभाग बनाएगा नैसर्गिक पर्यटन कॉरीडोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में ऊंचे पहाड़, गहरी घाटियां, विशाल पेड़ और मौसमी जंगली फूलों एवं वन्यजीवन की विभिन्न प्रजातियों के लिए यह अनुकूल जगह है। उद्यान में एक मिश्रित नम पर्णपाती प्रकार के

- **उद्यान के गाईड पहुंचने वाले पर्यटकों को हर्बल पौधे व पेड़ की समझाइश**

वनों का एक विशिष्ट मिश्रण है, जिसमें नैसर्गिक हर्बल के पौधे, साल, सागौन और बांस के पेड़ बहुताइत में है। यहां की सबसे लोकप्रिय प्रजातियां जो अपनी मानव आवाज के साथ सभी को मंत्रमुग्ध करती हैं वह बस्तर मैना है। राज्य पक्षी, बस्तर मैना, एक प्रकार का हिल माइन है, जो मानव आवाज का अनुकरण करने में सक्षम है। वन विभाग इस उद्यान में पर्यटकों के लिए नैसर्गिक पर्यटन कॉरीडोर बनाएगा। इसमें उद्यान के 35 गाईड पर्यटकों को हर्बल जैसे पौधों एवं पेड़ों की जानकारी और समझाईश देंगे। यहां नैसर्गिक पर्यटन कॉरीडोर बनने से पर्यटकों की संख्या और बढ़ेगी, क्योंकि वन्यजीवन और पौधों के अलावा, यह राष्ट्रीय उद्यान तीन असाधारण गुफाएं कुटुम्बसर, कैलाश और दंडक-स्टेलेग्माइट्स और स्टैलेक्टसाइट्स के आश्चर्यजनक भूगर्भीय संरचनाओं के लिए प्रसिद्ध है। ड्रिपस्टोन और फ्लोस्टोन के साथ भूमिगत चूना पत्थर की गुफाओं की उपस्थिति के लिए जाना जाता है।

प्रयास किया जा रहा

वन विभाग जगदलपुर वृत्त के सीसीएफ आरसी दुग्गा ने इस संबंध में बताया कि उद्यान में नैसर्गिक पर्यटन कॉरीडोर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसका प्रस्ताव मुख्यालय को भेजा जा रहा है, स्वीकृति होने पर शुरू किया जाएगा।

वाहन विक्रेता 40 हजार में वाहन की संपूर्ण मरम्मत करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा एक प्रकरण में आवेदक को स्काई ऑटोमोबाइल जगदलपुर द्वारा क्षतिग्रस्त वाहन 40 हजार रूपए में संपूर्ण मरम्मत कर, उसे एक माह के भीतर प्रदान करेगा। यह आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ ने किया है।

- **जिला उपभोक्ता आयोग की संयुक्त खंडपीठ ने दिया आदेश**

न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कि कोंडागांव निवासी स्व. दीपक कुमार सिंह ने स्काई ऑटोमोबाइल जगदलपुर से एक अर्टिगा वाहन क्रय की थी। उक्त वाहन के सड़क दुर्घटना में क्षतिग्रस्त होने पर उसे मरम्मत हेतु स्काई ऑटोमोबाइल के शोरूम में दिया गया था। शोरूम संचालक द्वारा आरंभ में 40 हजार रूपए में वाहन की संपूर्ण मरम्मत कर प्रदान करने का आश्वासन दिए जाने के बावजूद आवेदक से अतिरिक्त राशि की मांग की जा रही थी। जिससे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। इस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि स्काई ऑटोमोबाइल में उक्त वाहन वर्ष 2018 को मरम्मत हेतु प्रदान की गई थी। पंजीकृत वाहन स्वामी की मृत्यु होने पर मृतक के पिता द्वारा न्यायालय से उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त कर, आम मुख्तार रंजय सिंह के माध्यम से यह प्रकरण प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा 40 हजार रूपए की राशि वाहन विक्रेता को दिया जाना प्रस्तुत दस्तावेजों से प्रमाणित है। वाहन विक्रेता द्वारा नियत समय पर वाहन की मरम्मत कर, आवेदक को प्रदान न किए जाने हेतु आवेदक को हुई मानसिक पीड़ा हेतु 10 हजार रूपए पृथक से दिए जाने का आदेश पारित किया गया है।

जिला पत्रकार संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सीएम ने दिलवाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

पत्रकार भवन का मालिकाना हक जल्द देने पहल किया जाएगा,और पत्रकारों के आवासीय भू-खंड देने की कार्रवाई शीघ्र की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने

- **बस्तर क्षेत्र के चुनौती भरे माहौल में पत्रकारिता करने के साहस को नमन : मुख्यमंत्री**
- **पत्रकार भवन का मालिकाना हक जल्द मिलेगा**
- **पत्रकारों के आवासीय भू-खंड प्रदान करने मुख्यमंत्री ने की घोषणा**

उद्बोधन में यह बात कही। अवसर था बस्तर जिला पत्रकार संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह का। गुरुवार को स्थानीय श्यामाप्रसाद मुखर्जी टाउन हॉल में आयोजित शपथग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री साय ने नवनिर्वाचित बस्तर जिला पत्रकार संघ के पदाधिकारियों को शपथ दिलवाई।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बस्तर जैसे क्षेत्र में पत्रकारिता करना एक बड़ी चुनौती है, क्षेत्र की समस्याओं, आम जनता की आवाज बनकर शासन-प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत करने की साहस को नमन है। बस्तर के विकास हेतु पत्रकारों का प्रयास सतत जारी रहे, आप लोंगों के प्रयास से प्रदेश की नकारात्मक छवि को दूर करने में सहायक साबित हुई है। छवि में सुधार होने के साथ ही इस बार तीस लाख से अधिक पर्यटक प्रदेश के पर्यटन स्थलों में पहुंचे हैं। उन्होंने बस्तर जिला पत्रकार संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी ।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री साय ने बस्तर जिला पत्रकार संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पदीय दायित्व के प्रति निष्ठा, समर्पण की शपथ दिलवाई। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में पत्रकारिता के उच्च आदर्शों का पालन कर सरकार के अच्छे काम की जानकारी जनता को दें तथा कमियों को भी बताएं। वनमंत्री केदार कश्यप ने संघ के पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि बस्तर की समस्याओं को आवाज बनने में पत्रकारिता की महत्वपूर्ण भागीदारी रही है। स्थानीय विधायक किरण देव ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी और कहा कि पत्रकारिता के नए आयाम स्थापित करने में बस्तर के पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कार्यक्रम में बस्तर जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने स्वागत उद्बोधन दिए।

इस अवसर पर खेल मंत्री टंकराम वर्मा, बस्तर सांसद महेश कश्यप, कांकेर सांसद भोजराज नाग, चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, दंतेवाड़ा चैतराम अट्टामी और केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, बस्तर जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप,महापौर सफिरा साहू समेत बड़ी संख्या में पत्रकार, भाजपा जनप्रतिनिधि, जिला अध्यक्ष रुप सिंह मंडावी, बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पी, कलेक्टर हरीश एस, एसपी शलभ सिन्हा समेत बड़ी संख्या में भाजपाई व गणमान्य नागरिक सम्मलित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com

रामेश्वरम् धाम यात्रा
21 जनवरी से 30 जनवरी 2025, 28 जनवरी से 06 फरवरी 2025, 04 फरवरी से 13 फरवरी 2025, 11 फरवरी से 20 फरवरी 2025, 18 फरवरी से 27 फरवरी 2025, 25 फरवरी से 06 मार्च 2025, 18 मार्च से 27 मार्च 2025, 25 मार्च से 03 अप्रैल 2025, 08 अप्रैल से 17 अप्रैल 2025, 06 मई से 15 मई 2025, 13 मई से 22 मई 2025, 20 मई से 29 मई 2025, 03 जून से 12 जून 2025,
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di – Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411